दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में प्रसारित हरियाणा का हिन्दी दैनिक

सत्यजय टाईम्स

हिन्दी दैनिक

वर्ष-13, अंक-128 वीरवार 09 मई, 2024, पृष्ठ 8, मूल्य 2 रुपये (फरीदाबाद से प्रकाशित) प्रातःकालीन संस्करण

RNI NO HARHIN/2012/43543 Ph. 0129- 4042533, Email: sjtfaridabad@gmail.com @SatyajayT satyajaytimes

संक्षिप्त समाचार

अग्रवाल कालेज में मनाया विश्व रेडक्रॉस दिवस

बल्लभगढ़, 08 मई, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोड़ा। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के प्रांगण में महाविद्यालय की यूथ रेडक्रॉस की इकाइयों द्वारा रेडक्रॉस के संस्थापक सर जीन हेनरी डयूनांट के जन्मदिन के अवसर पर विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया गया। कार्यक्रम

की शुरुआत महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. संजीव गुप्ता द्वारा सर जीन हेनरी डयूनांट की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ की गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वाईआरसी कोऑर्डिनेटर डॉ. जयपाल सिंह ने सर जीन हेनरी डयूनांट की जीवनी प्रस्तुत की। कार्यवाहक प्राचार्य ने सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेने व उनकी तरह समाज के कल्याण में अपनी विशेष भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की सहायता करना मानव का परम धर्म है। उन्होंने सभी को निस्वार्थ भाव से सेवा करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा नर सेवा ही सही मायने में नारायण सेवा है। इस अवसर पर यूथ रेड क्रॉस स्वयंसेवकों ने सेवा भाव को अपने दिनचर्या का हिस्सा बनाने की शपथ ली। जीवन से प्रेरणा लेने व उनकी तरह समाज के कल्याण में अपनी विशेष भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर रेडक्रॉस के समस्त समन्वयक डॉ. जयपाल सिंह, डॉ. के.एल. कौशिक, डॉ. रामचंद्र लाइब्रेरियन, डॉ. विनीत नागपाल, वाईआरसी काउन्सलर सुभाष कैलोरिया व लवकेश उपस्थित रहे।

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में मनाया गया विश्व रेडक्रॉस दिवस

फरीदाबाद,जनतंत्र टुडे

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के प्रागंण में महाविद्यालय की यूथ रेडक्रॉस की इकाइयों द्वारा रेडक्रॉस के संस्थापक सर जीन हेनरी डयूनांट के जन्मदिन के अवसर पर विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. संजीव गुप्ता द्वारा सर जीन हेनरी डयूनांट की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ की गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वाईआरसी कोर्डिनेटर डॉ. जयपाल सिंह ने सर जीन हेनरी डयूनांट की जीवनी प्रस्तुत की। कार्याहक प्राचार्य जी ने सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेने व उनकी तरह समाज के कल्याण में अपनी विशेष भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की सहायता करना मानव का परम धर्म है। उन्होंने सभी को निस्वार्थ भाव से सेवा करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा नर सेवा ही सही मायने में नारायण सेवा है।

इस अवसर पर यूथ रेड क्रॉस स्वयंसेवकों ने सेवा भाव को अपने दिनचर्या का हिस्सा बनाने की शपथ ली। जीवन से प्रेरणा लेने व उनकी तरह समाज के कल्याण में अपनी विशेष भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर रैडक्रॉस के समग्र समन्वयक डॉ. जयपाल सिंह, डॉ. के.एल. कौशिक, डॉ. रामचंद्र लाइब्रेरियन, डॉ. विनीत नागपाल, वाईआरसी काउन्सलर सुभाष कैलोरिया व लवकेश उपस्थित रहे।

दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में प्रसारित हरियाणा का हिन्दी दैनिक

सत्यजय टाईम्स

SJT

हिन्दी दैनिक

वर्ष-13, अंक-128 वीरवार 09 मई, 2024, पृष्ठ 8, मूल्य 2 रुपये (फरीदाबाद से प्रकाशित) प्रातःकालीन संस्करण

RNI NO HARHIN/2012/43543 Ph. 0129- 4042533, Email: sjtfaridabad@gmail.com @SatyajayT satyajaytimes

कार्यशाला का आयोजन

बल्लभगढ़, 08 मई, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोड़ा। अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के आईपीआर सेल द्वारा बुधवार को पीजी और यूजी कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए "बौद्धिक संपदा अधिकारों के बारे में विचार" विषय पर विंग-1 में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का क्रियान्वन वाणिज्य विभाग की डॉ. डिम्पल ने किया। कार्यशाला का आयोजन और समन्वय डॉ. सीमा मलिक, डॉ. सचिन गर्ग, सुश्री अनीता और सुश्री मोहिनी ने किया। सत्र के वक्ता आईसीएआई, फरीदाबाद के पूर्व अध्यक्ष सीए नितेश पराशर थे। कार्यशाला की शुरूआत विभिन्न विभागों के प्रमुखों द्वारा वक्ता को पुष्पांजलि स्वागत के साथ किया। इस सत्र को इंटरैक्टिव बनाने के लिए मुख्य वक्ता ने विद्यार्थियों से कुछ प्रश्न पूछकर सत्र की शुरूआत की। मुख्य वक्ता ने ट्रेडमार्क, पेटेंट और कॉपीराइट पर विभिन्न केस स्टडी और लाइव उदाहरण बताए।

उन्होंने बताया कि आजकल आईपीआर क्यों महत्वपूर्ण है और हम ऑनलाइन पंजीकरण कैसे कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से विभिन्न प्रश्न पूछे और छात्रों ने बहुत अच्छे से उत्तर दिए। यह सत्र बहुत ही संवादात्मक था और इस कार्यशाला में 50 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। इस कार्यशाला में वाणिज्य और कंप्यूटर विज्ञान विभाग के संकाय सदस्यों के साथ-साथ छात्रों ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया।